प्रेस विज्ञप्ति

कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग संकाय ने पुरुष और महिला वर्ग में अंतर संकाय बॉस्केटबॉल प्रतियोगित जीती

शारदा ग्रुप के हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी में तीन दिवसीय अंतर संकाय बॉस्केटबाल प्रतियोगिता कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग संकाय ने पुरुष व महिला वर्ग में खिताब अपने नाम किया।

संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने फाइनल मैच मे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनायें दी।

पुरुष वर्ग का फाइनल मैच कम्प्यूटर साइंस इंजी संकाय और मैकेनिकल इंजी. संकाय के मध्य खेला गया जिसमें कम्प्यूअर साइंस ने मकैनीकल इंजी. संकाय को 35–14 अंकों के अंतर से हराकर प्रतियोगिता जीती। विजेता टीम की ओर से प्रणव सुधाकर ने 11, उत्कर्ष ने 8 अंकों का योगदान दिया वहीं पवन गौतम, शाकिव अहमद और कपिल का खेल सराहनीय रहा। पराजित टीम की ओर से स्वामी शेखर और धीरज का खेल सराहनीय रहा।

इससे पूर्व खेले गये पहला सेमी फाइनल मैकेनिकल संकाय और इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी की मध्य खेला गया। इस मैच में मैकेनीकल संकाय ने इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी संकाय को 27–10 अंकों के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

वहीं दूसरा सेमीफाइनल कम्प्यूटर साइंस और बॉयोटेक्नोलॉजी के मध्य खेला गया। इस मैच में कम्प्यूटर साइंस ने बायोटेक्नोलॉजी को 54–31 अंकों के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच

में विजेता टीम की ओर से उत्कर्ष ने 18, पवन गौतम ने 16 अंकों का योगदान दिया और शिवम शुक्ला, शुभम तरकर ने अच्छे खेल का परिचय दिया वहीं पराजित टीम की ओर पियूष ने 28 अंकों का योगदान दिया।

महिला वर्ग का फाइनल मैच कम्प्यूटर साइंस इंजी संकाय और आई.टी. इंजी. के मध्य खेला गया। इस मैच में कम्प्यूटर साइंस संकाय ने इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी को 30-07 अंकों के अतंर से हराकर अपनी टीम को विजयी बनाया। इस मैच में विजेता टीम की ओर से सौर्या सिंह ने 14, सौम्या सिंह ने 12 अंकों का योगदान दिया। वहीं अंजली और पलक का खेल सराहनीय रहा।

कॉलेज के शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. राजेश कहरवार ने बताया कि इस प्रतियोगिता के सभी मैच दूधिया रोशनी में खेले गये। कार्यक्रम का संचालन भी किया।

आज के मैचों के निर्णायक डॉ. राजेश कहरवार, डॉ. रामपाल सिंह,
अनुजराव, अतुल पाण्डेय, सोर्या सिंह रहे!